तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 दिल्ली में गूंजा "पृथ्वी बचाओ" का संदेश, बेमेतरा के गणेश वर्मा...




11 भीषण गर्मी के चलते सड़के सूनी शहर में एक भी ...



# 27 को जिला बंद का आह्वान, कृषि व्यापारी संघ का सघन जनसंपर्क

## व्यापारियों ने जताया समर्थन, उर्वरक आपूर्ति सहित पांच प्रमुख मांगों को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 27 अप्रैल को प्रस्तावित जिला स्तरीय एकदिवसीय बंद को सफल बनाने के लिए कृषि केंद्र व्यापारी संगठन द्वारा जिलेभर में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर व्यापारियों से मुलाकात की और बैठकें आयोजित कर बंद के समर्थन की अपील की। इस दौरान बेरला, कोदवा, देवकर, परपोड़ी, साजा, खम्हारिया, दाढ़ी, छिरहा, कठौतिया, नवागढ़, संबलपुर, मारो, टेमरी, नांदघाट, बतनारा, बालसमुंद सहित बेमेतरा क्षेत्र के व्यापारियों से संवाद किया गया। बैठकों में व्यापारियों ने कृषि व्यापार में आ रही समस्याओं को साझा करते हुए बंद को पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। संगठन ने बताया कि 27 अप्रैल को सुबह 10:30 बजे बेमेतरा में एकत्रित होकर प्रधानमंत्री, कृषि मंत्री तथा उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय, भारत सरकार के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**प्रमुख मांगें:** कृषि व्यापारी संघ द्वारा जिन प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा, उनमें खुदरा व्यापारियों को उनकी दुकानों तक उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करना, उर्वरक के साथ लादन प्रथा समाप्त करना, सील पैक उत्पाद के सैंपल अमानक पाए जाने पर कार्रवाई निर्माता पर करना, डीलर मार्जिन 8 प्रतिशत तक बढ़ाना तथा साथी पोर्टल पर केवल निर्माता का पंजीयन सुनिश्चित करना शामिल है।



### जनसंपर्क में सक्रिय रहे पदाधिकारी

जनसंपर्क अभियान में संगठन के अध्यक्ष सिद्धिक खान, सलाहकार आर.के. वर्मा, मीडिया प्रभारी समीर टिकारीहा एवं सुरेश वैष्णव सहित अन्य पदाधिकारी सक्रिय रहे। बैठकों में हर्षद जैन, हेमंत वर्मा, प्रदीप राजपूत, राकेश पटेल, संजय साहू, मिथलेश साहू, पोषण वर्मा, फजल बेग, नारद वर्मा, अश्वनी पटेल, शांतिलाल चंडक, प्रशांत वर्मा, घनाराम साहू, बंटी सिंघानिया, राजेश बिंदल, प्रकाश केडिया, जसविंदर विरदी, अर्पित गुप्ता, ओश त्रिपाठी, कमलेश अग्रवाल, अरविंद दीक्षित, राजाराम चंद्राकर, अश्वनी बंजारे, प्रमोद साहू, गुरमीत सिंह, रिंकू सिंह, मनोज साहू, मदन सिन्हा, संतोष मानिकपुरी, विनोद मानिकपुरी, राजा गुंबर, वनमीत खुराना, युवराज पटेल, ललित राठी, जावेद मैनन, हुलास देवांगन, प्रमोद गांधी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध लकड़ी परिवहन पर वन विभाग की कार्रवाई



**साजा।** क्षेत्र में लगातार मिल रही अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन की शिकायतों के बीच वन विभाग ने सख्ती दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर वन मंडलाधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में टीम ने वाहन क्रमांक सी जी 07 एडी 1781 को ग्राम जाता राइस मिल के पास पकड़ा। जांच के दौरान वाहन में प्रतिबंधित आम (सूखा काष्ठ) अवैध रूप से परिवहन करते पाया गया। इसके बाद वन विभाग ने नियमानुसार जप्ती की कार्रवाई करते हुए वाहन और काष्ठ को कब्जे में ले लिया। जप्त सामग्री को साजा डिपो लाया गया तथा प्रकरण वन अपराध के तहत पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्रवाई रेंजर पी.आर. लसेल एवं वनरक्षक शेख साजिद मोहम्मद की टीम द्वारा की गई।

### परेशान महिला ने की आत्महत्याकी कोशिश

**देवकर।** नगर पंचायत देवकर के वॉर्ड क्रमांक 11 बीच पारा में गुरुवार सुबह करीब 11:30 बजे एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई। 60 वर्षीय गिरिजा सिन्हा (पति रामकुमार सिन्हा) ने कथित रूप से आंख के ऑपरेशन से परेशान होकर अपने ऊपर मिट्टी तेल डालकर आत्मदाह का प्रयास कर लिया। घटना के दौरान घर से धुआं उठता देख और महिला की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों को जानकारी मिली, जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से झुलसी महिला को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। दर्द से कराह रही पीड़िता बार-बार "मुझे अस्पताल ले चलो" कहते हुए अपनी आंख के ऑपरेशन से परेशान होने की बात बता रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे तुरंत शंकराचार्य हॉस्पिटल, जूनवानी में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना के समय महिला घर में अकेली थी। वह अपने पति के साथ रहती है, जबकि उसके दोनों बेटे शादी के बाद अलग-अलग परिवार के साथ रह रहे हैं। घटना से पूरे मोहल्ले में दहशत और स्तब्धता का माहौल है। फिलहाल पुलिस ने मामले में कोई आधिकारिक बयान दर्ज नहीं किया है और जांच जारी है।

### कैम्प-1 से सटोरिया गिरफ्तार

**भिलाई।** सट्टा का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि 21 अप्रैल को आदर्श नगर कैंप-1 में खुलेआम सट्टा चला रहा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश दिया। जहां से आदर्श नगर कैंप-1 निवासी नौसाद अली को गिरफ्तार किया।

## प्राध्यापकों-छात्राओं के मोर्चे के बाद शासन हरकत में, नई प्राचार्य की नियुक्ति

# विवादित प्राचार्य हटाई गईं, जांच के निर्देश, चरित्र हनन, अभद्र टिप्पणी और 'फेल' करने की धमकी के आरोपों ने छीना पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय कन्या महाविद्यालय में लंबे समय से चल रहे विवाद पर आखिरकार प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। गंभीर आरोपों में घिरी प्रभारी प्राचार्य डॉ. विनीता गौतम को पद से हटा दिया गया है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार उनकी जगह पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वीणा त्रिपाठी को कन्या महाविद्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

यह कार्रवाई तब हुई जब महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्राओं ने एकजुट होकर लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में प्रभारी प्राचार्य पर चरित्र हनन, अभद्र टिप्पणी, मानसिक उत्पीड़न और छात्रों को 'फेल' करने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। मामले ने तूल पकड़ लिया था और महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत राज्यपाल सचिवालय तक पहुंची। राज्यपाल के अवर सचिव द्वारा जारी पत्र में उच्च शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि शिकायत में वर्णित तथ्यों के आधार पर नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। महाविद्यालय में चल रहे विवाद को लेकर 'हरिभूमि' द्वारा लगातार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की जा रही थीं, जिससे शासन-प्रशासन का ध्यान इस ओर गया और कार्रवाई तेज हुई।


क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग के पास एकजुट होकर प्राध्यापकों ने सौंपा लिखित शिकायत

कन्या महाविद्यालय में बवाल, प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ स्टाफ में रोष

खबर का असर

### अब सबकी नजर जांच पर

प्रभारी प्राचार्य को हटाए जाने के बाद अब सभी की नजर जांच प्रक्रिया पर है। यदि आरोप साबित होते हैं, तो आगे और कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। वहीं नई प्राचार्य से महाविद्यालय में शैक्षणिक माहौल सामान्य होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### आदेश में बदलाव की पुष्टि

उच्च शिक्षा आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए डॉ. विनीता गौतम से प्राचार्य का प्रभार वापस लेकर डॉ. वीणा त्रिपाठी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### पहली बार इस स्तर का विरोध

जानकारी के अनुसार जिले के किसी शिक्षण संस्थान में यह पहली घटना है, जब महिला प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्राओं ने संयुक्त रूप से किसी प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उच्च अधिकारियों, कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों तक शिकायत पहुंचाई। बताया जाता है कि नियमित प्राचार्य के स्थानांतरण के बाद पद रिक्त था। इसी दौरान डॉ. विनीता गौतम को अस्थायी रूप से प्रभार सौंपा गया था, लेकिन उनकी कार्यशैली को लेकर लगातार असंतोष बढ़ता गया और अंततः मामला विवाद में बदल गया।

## जप्त ट्रक चोरी मामले का खुलासा:

# 16 चक्का वाहन और रेत बरामद, 3 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना खम्हरिया पुलिस ने जप्त किए गए 16 चक्का ट्रक की चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 9 लाख 50 हजार रुपये मूल्य का ट्रक और चोरी किया गया रेत भी बरामद कर जप्त कर लिया है।

■ 9.50 लाख का ट्रक पेट्रोल पंप से मिला, आरोपियों ने कबूला जुर्म

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी विनोद कुमार पात्रे (46 वर्ष), निवासी ग्राम मानपुर, थाना नवागढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 9 अप्रैल 2026 को बिना रॉयल्टी परमिट के रेत परिवहन करते पकड़े जाने पर नायब तहसीलदार खम्हरिया द्वारा ट्रक क्रमांक सी जी 04 एन वी 8342 को जप्त कर तहसील कार्यालय के सामने खड़ा कराया गया था। वाहन की चाबी थाना में जमा थी। 21 और 22 अप्रैल की दरमियानी रात अज्ञात चोर ट्रक को रेत सहित चोरी कर ले गए। शिकायत पर थाना खम्हरिया में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### संदेही से खुला राज

विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि संदेही हेमंत मरकाम को चोरी गए ट्रक के साथ कवर्धा क्षेत्र में देखा गया है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक पेट्रोल पंप के पास उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपने साथियों हंसुराम साहू और बैतल राम साहू के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 21 अप्रैल की रात तहसील कार्यालय के सामने खड़े जप्त ट्रक को चोरी कर सहसपुर लोहारा ले जाकर उसमें भरी रेत को खाली किया और ट्रक को छिपाकर रखा था।

### बरामदगी और गिरफ्तारी

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ट्रक और रेत बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में हेमंत मरकाम (23), हंसुराम साहू (36) और बैतल राम साहू (41) शामिल हैं, जिन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, विनोद पात्रे, आरक्षक हीराचंद गेंड्रे, दिनेश निषाद, अशरफी खान, धर्मेंद्र साहू सहित समस्त पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सगाई से लौट रही कार में लगी आग ड्राइवर की सूझबूझ से टली बड़ी दुर्घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शहर से करीब 8 किलोमीटर दूर सुवरतला के पास एक सगाई समारोह से लौट रही कार में अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार सेमरिया निवासी निषाद परिवार मोहगांव में सगाई कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था।

बताया जा रहा है कि रास्ते में अचानक वाहन की लाइट बंद हो गई। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत वाहन में सवार सभी लोगों को नीचे उतार दिया। देखते ही देखते कार में भीषण आग लग गई और वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

गाड़ी में छोटे बच्चों सहित लगभग 10 लोग सवार थे। चालक की सूझबूझ और समय रहते सभी को बाहर निकाल लेने के कारण एक बड़ी दुर्घटना टल गई और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा, हालांकि सभी लोग सुरक्षित होने से राहत की स्थिति बनी रही।

# कलेक्टर ने ली निर्माण एजेंसियों की समीक्षा बैठक समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष (दिशा भवन) में जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जल संसाधन विभाग, नगरीय निकाय, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना सहित विभिन्न निर्माण एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित और धीमी गति से चल रहे कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने की चेतावनी दी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से सैंपलिंग एवं ▶▶| शेष पेज 11 पर



### मानसून पूर्व जरूरी कार्यों को प्राथमिकता

कलेक्टर ने नाली निर्माण, सड़क मरम्मत, पुल-पुलिया निर्माण एवं जल निकासी से जुड़े कार्यों को बारिश से पहले अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में देरी से आमजन को परेशानी होती है, जिसे हर हाल में टालना आवश्यक है। बैठक में लोक निर्माण विभाग को प्रमुख मार्गों के उन्नयन एवं डामरीकरण कार्यों में तेजी लाने, नगरीय निकायों को अमृत मिशन एवं शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने, तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को पंचायत स्तर के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्माण कार्यों में बाधा बन रही बिजली लाइनों के शिफ्टिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया, ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक बाधा न आए।

## लू और तपती गर्मी से बचना है? अपनाएं ये आसान प्राकृतिक और आयुर्वेदिक उपाय

# जिला चिकित्सालय आयुष एनसीडी क्लिनिक ने तपती गर्मी को लेकर जारी किया एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा जिला चिकित्सालय स्थित आयुष विभाग द्वारा वर्तमान में चल रहे लू और तपती गर्मी को लेकर जिला के आम लोगों के लिए प्राकृतिक और आयुर्वेदिक उपाय बताते हुए एडवाइजरी जारी किया गया है ।

बतादे की जिला चिकित्सालय बेमेतरा में यह आयुष विभाग एन सी डी क्लिनिक अक्टूबर 2024 से संचालित है जिसका लाभ अभी तक लगभग सात हजार से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं । इस क्लिनिक में डॉ चिरंजीवी वर्मा आयुष चिकित्सक एम डी एवं डॉ भूमिका साहू योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक के साथ काउंसलर गोविंद सिंह नियमित रूप से सेवा दे रहे हैं। यह सुविधा कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन एवं सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू के नेतृत्व में संचालित हो रहा है जिसके चलते जिला वासियों को इनका भरपूर लाभ मिल रहा है थोड़ी सी लापरवाही बन सकती है हीट स्ट्रोक का कारण, लेकिन सही दिनचर्या से गर्मी को हराना है आसान।

देशभर में बढ़ती गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही डिहाइड्रेशन, चक्कर आना, थकान और हीट स्ट्रोक के मामले भी सामने आ रहे हैं। ऐसे समय में दवाइयों पर निर्भर होने के बजाय यदि हम अपनी दिनचर्या और खानपान में छोटे-छोटे बदलाव करें, तो बड़ी समस्याओं से बचा जा सकता है।

### गर्मी में क्या खाएं: शरीर को रखें ठंडा और हाइड्रेटेड

गर्मी के मौसम में ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए जो शरीर को ठंडक दें और पानी की कमी को पूरा करें। तरबूज, खरबूज, खीरा और ककड़ी जैसे फल शरीर को हाइड्रेट रखते हैं।

नारियल पानी, छाछ और सत्तू का पेय प्राकृतिक एनर्जी ड्रिंक की तरह काम करते हैं। नींबू पानी और जौ का पानी शरीर को अंदर से ठंडा रखते हैं। लौकी, तोरई और परवल जैसी हरी सब्जियां हल्की और सुपाच्य होती हैं।

### किन चीजों से बनाएं दूरी

तला-भुना और मसालेदार भोजन शरीर की गर्मी बढ़ाता है। अधिक चाय, कॉफी और कोल्ड ड्रिंक डिहाइड्रेशन का कारण बन सकते हैं। फास्ट फूड और अत्यधिक मीठे पेय से बचना बेहतर है। दिन में 1–2 बार ठंडे पानी से स्नान करें। पैरों को ठंडे पानी में 10–15 मिनट रखने से शरीर को तुरंत राहत मिलती है। मिट्टी का लेप पेट और आंखों पर लगाने से शरीर का तापमान नियंत्रित रहता है और ठंडक मिलती है।

### आयुर्वेद के अनुसार कैसे रखें शरीर संतुलित

गर्मी के मौसम में शरीर में "पित्त" बढ़ जाता है, जिसे संतुलित करना जरूरी है। धनिया, सौंफ और जीरा उबालकर उसका पानी पीना लाभकारी होता है। गुलकंद, बेल का शरबत और आम पन्ना शरीर को ठंडक प्रदान करते हैं। शीतली, शीतकारी और चंद्र भेदन प्राणायाम शरीर की गर्मी कम करने में बेहद कारगर हैं। सुबह के समय हल्का योग और ध्यान मानसिक शांति के साथ शरीर को भी संतुलित रखता है।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण और बचाव लक्षण

तेज बुखार, चक्कर आना, सिरदर्द, उल्टी या मितली, त्वचा का लाल और सूखा होना, अत्यधिक प्यास या बेहोशी। पीड़ित व्यक्ति को छायादार और ठंडी जगह पर ले जाएं। ठंडा पानी या ओ आर एस पिलाएं। शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें। स्थिति गंभीर हो तो तुरंत अस्पताल ले जाएं इसके अलावा दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें। हल्के रंग और ढीले कपड़े पहनें। दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹ 12,000 प्रति माह + इंसेन्टिव

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय:

पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

Resume करें - 9977374898

## खबर संक्षेप

### फरार पूर्व पार्षद की जानकारी देने वाले को पुलिस देगी इनाम

**भिलाई।** कोसानाला के पूर्व भाजपा पार्षद और पार्टी से निष्कासित जय प्रकाश यादव राजनांदगांव पुलिस रिकार्ड में फरार है। उसे पकड़ने वाले को पुलिस के तरफ से 5000-5000 रुपए का ईमान घोषित किया है। जय प्रकाश यादव का सुपेला थाना में भी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी का मामला दर्ज है। इसके अलावा राजनांदगांव में धारा 420,34 के तहत फरार है। राजनांदगांव पुलिस ने बताया कि जेपी यादव का पता बताने वाले नाम गोपनीय रखा जाएगा। जेपी यादव ने बीते दिनों वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के पक्ष में बयान देकर राजनीति में भूचाल लाने का ऐलान किया था। प्रदेश के कई बड़े नेताओं के साथ फोटो वीडियो बनाकर आम नागरिकों को ठगने का काम भी किया है। राजनांदगांव पुलिस इसकी तलाश कर रही है। इसके अलावा सुपेला पुलिस जेपी यादव को पकड़ नहीं पाई है।

### लाखों का गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** लाखों रुपए का गांजा के साथ महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डेरा बस्ती फरीद नगर सुपेला में अवैध रूप से गांजा बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुपेला निवासी नंदनी धुर्वे को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने गांजा वजन 1.780 किलोग्राम जब्त किया गया। जिसकी कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा अपचारी बालक के पास से भी 1.150 किलोग्राम गांजा मिला है। जिसकी कीमत 55 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा मोबाइल, नगदी 300 रुपये मिला। दोनों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### जेसीबी की टक्कर से वृद्धा की मौत

**भिलाई।** महतारी योजना का केवाईसी कराने जा रही एक वृद्धा सड़क हादसे की शिकार हो गई। घटना उतई थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बोरीगारका निवासी सूरजा बाई साहू 70 वर्ष दो अन्य महिलाओं के साथ पंचायत भवन से घर जा रही थीं। बोरीडीह मार्ग पर साहू मैरिज पैलेस के पास तेज रफ्तार जेसीबी ने वृद्ध को चपेट में लिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। जेसीबी चालक गोविंद नामक व्यक्ति होना बताया जा रहा है। यह वाहन साहू ट्रेडर्स एंड कंस्ट्रक्शन के संचालक वेदनारायण साहू का है। हादसा के बाद ग्रामीणों की काफी भीड़ लग गई थी। खबर लगते ही मचांदूर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। वृद्धा को अस्पताल लेकर जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पीएम के लिए भेजा गया।परिजनों को सूचना दी गई।

### हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** जन्म दिन की पार्टी में पहुंचकर शराब का डिमांड कर विरोध होने पर प्राण घातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक आरोपी अब भी मौके से फरार है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि घटना 20 अप्रैल की है। सेक्टर-07 मार्केट के पास मैदान में, जयंती स्टेडियम के सामने पीड़ित दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मना रहा था। तभी शराब पीने के लिए डी. अजय और एस. विजय, मयंक रकम मांग रहे थे।नहीं देने पर हमला कर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने डी अजय, एस विजय को गिरफ्तार किया गया है।

### आईजी ने मोहन नगर थाने में ली लंबित केस की जानकारी

**भिलाई।** आईजी अभिषेक शांडिल्य ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय और थाना मोहननगर का वार्षिक निरीक्षण कर किया। इस दौरान आईजी ने कार्यप्रणाली की समीक्षा, आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया है। विभिन्न शाखाओं का वार्षिक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा करते हुए शाखा प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। अभिलेखों, लंबित प्रकरणों, प्रशासनिक कार्यों की गहन जांच कर काम में सुधार, पारदर्शिता, समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए है।

---

### अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन में बांस आधारित नवाचारों की प्रस्तुति

# दिल्ली में गूंजा “पृथ्वी बचाओ” का संदेश, बेमेतरा के गणेश वर्मा ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नई दिल्ली राजधानी स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में 22 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर “पृथ्वी बचाओ सम्मेलन 2026” का भव्य आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में देश-विदेश के नीति-निर्माता, वैज्ञानिक, उद्योगपति और पर्यावरण विशेषज्ञ एक मंच पर जुटे और सतत विकास के विभिन्न पहलुओं पर गंभीर चर्चा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में कहा कि विकास और पर्यावरण एक-दूसरे के पूरक हैं तथा वर्तमान समय में इनके बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जल संरक्षण, हरित ऊर्जा और राष्ट्रीय बांस मिशन को देश के भविष्य के लिए अहम बताते हुए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की जरूरत पर बल दिया। सम्मेलन में महाराष्ट्र शासन के राज्यमंत्री एडवोकेट आशीष जायसवाल, मुख्यमंत्री पर्यावरण एवं सतत विकास कार्यबल के अध्यक्ष पाशा पटेल, दिल्ली सरकार की सचिव पद्मा जायसवाल (आईएएस), फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन के प्रतिनिधि तकायुकी हागीवारा, आईसीएफए के महानिदेशक डॉ. तरुण श्रीधर, सोनालिका समूह के संयुक्त प्रबंध निदेशक रमन मित्तल, क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संगीता अगस्त्य सहित कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

**खास बातें**

- दिल्ली में गूंजा “पृथ्वी बचाओ” का संदेश, बेमेतरा के गणेश वर्मा ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान
- केंद्रीय मंत्री ने विकास-पर्यावरण संतुलन पर दिया जोर



#### विशेषज्ञों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

सम्मेलन में देशभर से आए विशेषज्ञों ने हरित तकनीक, बांस उद्योग, सतत विकास और ग्रामीण रोजगार के मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। गुवाहाटी, देहरादून, सूरत, बेंगलुरु, गोवा और जयपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने पर जोर दिया।

#### बेमेतरा के गणेश वर्मा बने आकर्षण का केंद्र

सम्मेलन का विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से पहुंचे भव्य सृष्टि उद्योग प्रा. लि. के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक गणेश वर्मा रहे, जिन्हें वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था। उन्होंने बांस आधारित नवाचारों के जरिए पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के अपने प्रयासों को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था द्वारा विकसित “कूच कवच” (बांस क्रैश बैरियर), बांस पोल, फेंसिंग सिस्टम, बायो-चारकोल, बायो-विनेगर एवं जैव उर्वरक जैसे उत्पाद पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ किसानों की आय बढ़ाने और रोजगार सृजन में सहायक साबित हो रहे हैं। गणेश वर्मा ने “छत्तीसगढ़ बांसतीर्थ” की संकल्पना रखते हुए राज्य को “धान का कटोरा” के साथ-साथ “बांस हब” के रूप में विकसित करने का आह्वान किया।

---

# मंडी उपनिरीक्षक परीक्षा 26 को 2 घंटे पहले पहुंचना होगा

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ में कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 के सफल आयोजन हेतु व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा यह परीक्षा 26 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेशभर से लगभग 2 लाख 47 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा का आयोजन राज्य के 16 जिलों में किया जा रहा है, जबकि सभी 33 जिलों के परीक्षार्थी इसमें सम्मिलित होंगे। बेमेतरा जिले में इस परीक्षा के लिए कोई परीक्षा केंद्र निर्धारित नहीं किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा बेमेतरा जिले के अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र (अन्य जिलों में स्थित) की जानकारी पहले से सुनिश्चित कर लें और परीक्षा दिवस पर निर्धारित समय में संबंधित परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से पहुंचें। साथ ही, परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व केंद्र में उपस्थित रहना सुनिश्चित करें, ताकि फ्रिस्किंग एवं पहचान सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। यह परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा, जिसके पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ड्रेस कोड के अंतर्गत अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए गए हैं। गहरे रंग जैसे काला, गहरा नीला, हरा, जामुनी, मैरून या चॉकलेटी रंग के कपड़े प्रतिबंधित रहेंगे।

धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच हेतु पहले पहुंचने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों को चप्पल पहनकर आने, कान में किसी भी प्रकार के आभूषण न पहनने तथा परीक्षा कक्ष में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, घड़ी, पर्स, बेल्ट, स्कार्फ, टोपी आदि लाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अनुचित साधनों के उपयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को केवल काले या नीले बॉल प्वाइंट पेन साथ लाने की अनुमति होगी। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र (अन्य जिलों में) पर समय से पहुंचें एवं सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

---

# समाधान महाविद्यालय में शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण

### मानवीय मूल्यों की स्थापना और सर्वांगीण विकास पर विशेषज्ञों ने दिए मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के समाधान महाविद्यालय में जेवरी संकुल के अंतर्गत आने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए “चेतना विकास मूल्य शिक्षा” विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।



कार्यक्रम में मानव तीर्थ किरितपुर से आए प्रबोधक राम मिलन यादव ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन और शरीर का सम्मिलित रूप ही मानव है। उन्होंने किसी भी विचार या प्रस्ताव को आंख मूंदकर स्वीकार करने के बजाय उसकी जांच-परख करने पर जोर दिया। उन्होंने जांच की तीन प्रक्रियाएं—स्वयं में निरीक्षण, परस्पर परीक्षण और सार्वभौम सर्वेक्षण—को विस्तार से समझाया।

उन्होंने बताया कि मानव जीवन कार्य और व्यवहार के संतुलन पर आधारित है। सुविधाओं के लिए किया गया श्रम ‘कार्य’ है, जबकि मनुष्यों के बीच सुख और समाधान के लिए किया गया प्रयास ‘व्यवहार’ कहलाता है। उन्होंने “मानकर” और “जानकर” जीने के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि जानकर जीने से स्थायी सुख और विश्वास की प्राप्ति होती है।

प्रशिक्षण में सहअस्तित्ववाद (मध्यस्थ दर्शन) के सिद्धांतों पर भी चर्चा की गई, जिसके प्रणेता ए. नागराज बाबाजी हैं। इस दर्शन के माध्यम से जीवन के उद्देश्य, मानव संबंधों और प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करने के तरीकों को समझाया गया। समाधान महाविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. भावना मलिक ने नई शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख बिंदुओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाते हुए कहा कि स्थायी सुख भौतिक संसाधनों में नहीं, बल्कि सही समझ और संतुलित दृष्टिकोण में निहित है। उन्होंने चेतना विकास मूल्य शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विषय ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, समझ और चरित्र निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा मूल्य आधारित नहीं होगी तो उसके दुरुपयोग की संभावना बढ़ जाती है। डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि धन से सुविधाएं तो खरीदी जा सकती हैं, लेकिन सम्मान और स्थायी सुख नहीं। उन्होंने वस्तुओं के उपयोगिता आधारित चयन पर जोर दिया।

कार्यक्रम में डाइट बेमेतरा के सहायक प्राध्यापक प्रहलाद कुमार टिकरिहा, सीएसी जेवरी हरनारायण रात्रे सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के माध्यम से विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों की स्थापना कर उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

---

# 24 को जिलेभर में पीएमएसएमए का आयोजन गर्भवती महिलाओं की होगी विशेष जांच्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित मातृत्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 24 अप्रैल, शुक्रवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान जिले के जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं चिन्हित उप स्वास्थ्य केंद्रों में एक साथ संचालित होगा।

- उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान कर विशेषज्ञों द्वारा मिलेगा समुचित उपचार, स्वास्थ्य विभाग की अपील अभियान का लाभ जरूर लें

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह अभियान प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच कर उच्च जोखिम वाले मामलों (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) की समय पर पहचान करना और विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से उनका गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच, परामर्श तथा सोनोग्राफी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही पोषण, सुरक्षित प्रसव, एवं संभावित खतरे के लक्षणों के संबंध में जागरूकता भी दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित फ्लो चार्ट के अनुसार सभी सेवाओं की निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेडर तथा सिविल सर्जन डॉ. लोकेश साहू ने जिले की सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे 24 अप्रैल को अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर जांच अवश्य कराएं और इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अभियान में विशेषज्ञ स्त्रीरोग चिकित्सकों एवं निजी डॉक्टरों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि उच्च जोखिम वाले मामलों का समय पर प्रबंधन कर मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

---

# एक ही पते पर अलग-अलग केमिकल फैक्ट्रियां विधायक देवेंद्र ने अब ईओडब्लू से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भिलाई नगर विधायक ने उठाया था विधानसभा में मुद्दा

दुर्ग जिले में एक ही पते पर अलग-अलग केमिकल फैक्ट्रियों के संचालन का मुद्दा अब और गरमा गया है। यह मामला भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने ही विधानसभा में उठाया था, जहां पूछे गए प्रश्न के जवाब में सामने आई जानकारी कई स्तर पर सवाल खड़े करती है। जवाब से असंतुष्ट विधायक ने अब आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण में हुई कार्रवाई का ब्यौरा मांगा है।



विधानसभा में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग ने अपने उत्तर में कहा कि इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। वहीं उसी जवाब में यह भी उल्लेख किया गया कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल ने 24 फरवरी 2025 को चार सदस्यीय जांच समिति गठित कर जिले के 16 कोलतार प्रोसेसिंग आधारित उद्योगों की जांच कराई। जांच में 8 उद्योग पर्यावरणीय सहमति शर्तों के उल्लंघन के दोषी पाए गए, जिन पर नियमानुसार कार्रवाई की बात कही गई है। इसके अलावा 24 जून 2025 को प्राप्त एक शिकायत में उद्योगों द्वारा तथ्यों को छिपाकर केंद्रीय पर्यावरण स्वीकृति लेने का आरोप लगाया गया, लेकिन इस पर जांच समिति का गठन नहीं किया गया। एक अन्य शिकायत पर पर्यावरण मंडल ने उद्योग संचालनालय सहित अन्य विभागों को पत्राचार किया। मामला ईओडब्लू तक भी पहुंचा, जहां शिकायत लंबित है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि विधानसभा में दिए गए जवाब में विरोधाभास है, एक ओर शिकायत नहीं होने की बात कही गई, वहीं दूसरी ओर जांच और उल्लंघन की पुष्टि भी की गई। उन्होंने अब तक की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी मांगी है। पूरे मामले में शिकायत न होने के दावे, जांच का गठन, उल्लंघन की पुष्टि और कार्रवाई की स्पष्ट स्थिति सामने न आने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

---

# इंडियन पब्लिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षाफल घोषित, छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्थानीय इंडियन पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा का वार्षिक परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। परिणाम की घोषणा मां शारदा शिक्षण समिति के अध्यक्ष आर. के. भारती, उपाध्यक्ष वी. के. देवांगन एवं विनोद कुमार सोनी की उपस्थिति में विद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार साहू एवं उप प्राचार्य ईश्वर सिंह यादव द्वारा की गई। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के नाम घोषित किए गए।

विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उच्च प्रतिशत अंक हासिल किए। के.जी. वन में सुशांश यादव ने 98 प्रतिशत के साथ प्रथम तथा दीक्षा साहू ने 97.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। के.जी. टू में अव्यान वर्मा एवं हिमांशी भटनागर संयुक्त रूप से 96.66 प्रतिशत के साथ प्रथम तथा अपर्णा दीवान 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय रहीं।

प्राथमिक कक्षाओं में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कक्षा पहली में हर्षिता यादव, खुशबू साहू एवं रिया सिन्हा ने 97 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कान्हा साहू 96 प्रतिशत के साथ द्वितीय रहे। कक्षा दूसरी में मयंक कुर्रे (96.5%) प्रथम एवं ऋद्धि साहू (96%) द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा तीसरी में भावेश साहू एवं तरुण ध्रुव 97.5 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से प्रथम रहे। कक्षा चौथी में याचना शर्मा (97.5%) प्रथम एवं नाहिरा परवीन (96%) द्वितीय स्थान पर रहीं। मिडिल कक्षाओं में कक्षा छठवीं की परिधि निर्मलकर ने 98.56 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कनक साहू 98.16 प्रतिशत के साथ द्वितीय रहीं। कक्षा सातवीं में एकता वर्मा (97.86%) प्रथम एवं गोपेश साहू (97.15%) द्वितीय स्थान पर रहे।

हाईस्कूल स्तर पर कक्षा नवमी में खुशी निर्मलकर ने 99.17 प्रतिशत के साथ प्रथम तथा प्रिंस टंडन ने 99 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा ग्यारहवीं में विभिन्न संकायों में भी उत्कृष्ट परिणाम देखने को मिला। गणित संकाय में पीयूष कोसे (94%) प्रथम एवं पलक साहू (93.80%) द्वितीय, जीव विज्ञान में कौशल (96.80%) प्रथम एवं मधु निर्मलकर (91%) द्वितीय, वाणिज्य में हर्षवर्धन वर्मा (84.20%) प्रथम एवं आकांक्षा वर्मा (80%) द्वितीय तथा कृषि संकाय में तरुण कुमार यादव (83.40%) प्रथम एवं रेशमी (83%) द्वितीय स्थान पर रहे।

विद्यालय प्रबंधन ने इस उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया, जिनमें रेखा साहू, प्रेमलता वैष्णव, उषा वर्मा, हरिन साहू, राजेश्वरी दुबे, गजेंद्र दिवाकर, कौशल साहू, बलदेव सिंह, नेहा साहू, हिमांशु पांडे, दीपक वर्मा, गोपाल वर्मा सहित अन्य शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।संस्था संचालक एवं शिक्षकों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रेरित किया।

---

### 9 मई को होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा

# नेशनल लोक अदालत के आयोजन पर न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों की हुई संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 9 मई आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल संचालन एवं अधिक से अधिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिला स्तर पर न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा श्रीमती सरोज नंद दास ने की। बैठक में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वर्णलता ओम यादव, अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज एवं जिला जेल अधीक्षक राहुल पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया कि न्यायालय द्वारा प्री-सीटिंग के लिए जारी नोटिसों की तामिली समयबद्ध और प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक से अधिक पक्षकार लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने मामलों का आपसी सहमति से निराकरण करा सकें। साथ ही बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर परक्राम्य लिखित अधिनियम की धारा 138 (चेक बाउंस) से संबंधित मामलों में समझौते के माध्यम से निपटारा बढ़ाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि बैंक रिकवरी एवं राजस्व से जुड़े मामलों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर ही निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत कर उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाए। पक्षकारों से संवाद स्थापित कर सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए प्रेरित करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का भार कम किया जा सके।



बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि लोक अदालत में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों—जैसे समझौता योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, सिविल वाद, बिजली-पानी बकाया एवं आपदा क्षतिपूर्ति से जुड़े मामलों—के व्यापक निराकरण के लिए प्रचार-प्रसार को तेज किया जाएगा। इसके तहत चौक-चौराहों पर होर्डिंग, फ्लेक्स एवं पाम्पलेट्स के माध्यम से आमजन तक जानकारी पहुंचाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग लोक अदालत का लाभ उठा सकें।

